पुस्तकालय

195
20-3-2002

सत्यमेव जयते

असंशोधित

18 MAR 2002

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग १—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर)

बि० स० मु० (एल० ए०) 115—मोनो—500—10-3-2000—

तारांकित प्रश्न संख्या- 3 ॥ श्री प्रमोद सिंह॥

श्री बसावन भगत, मंत्री: 1. उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है ।

2. उत्तर स्वीकारात्मक है ।

3. उप कारा भभुआ हेतु पारामीटर वाल निर्माण की योजना एकादश वित्त आयोग के अंतर्गत प्रस्तावित है ।

श्री प्रमोद सिंह: अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि कैदियों की संख्या भभुआ, औरंगाबाद, सासाराम के अलावा तमाम जिलों में दस गुणा अधिक है इसलिए माननीय मंत्री जी बतावें कि आखिर कब तक नए कारा में वहां के कैदियों को स्थानान्तरित किया जाएगा ?

श्री बसावन भगत, ॥मंत्री॥: महोदय, बैरक बनकर तैयार है। पारामीटर वाल नहीं बनने के कारण स्थानान्तरित नहीं किया गया है। पारामीटर वाल के लिए एकादश वित्त आयोग को प्रस्ताव दिया गया है ।

श्री प्रमोद सिंह: कब तक कैदियों को स्थानान्तरित नए कारा में किया जाएगा? मंत्री जी समय निर्धारित कर दें ।

श्री बसावन भगत ॥मंत्री॥: महोदय, भवन निर्माण विभाग के साथ बैठक हुई थी और हम भी चाहते हैं कि जितना जल्द हो सके लेकिन इसमें कमी भवन निर्माण विभाग की है । क्योंकि हमारा कोई इंजीनियरिंग सेल नहीं है इस वजह से हमको कठिनाई होती है ।

अध्यक्ष: माननीय मंत्री । आप इस तरह का उत्तर नहीं दें । माननीय मंत्री, आपलोगों का सामूहिक उत्तरदायित्व है । आप कोआर्डिनेट कीजिये इस तरह की बात नहीं कीजिये इसको विवादित नहीं बनायें । आप कहें कि भवन निर्माण विभाग से बात कर इस दिशा में ठोस कार्रवाई की जाएगी । और यह करना है ।

श्री प्रमोद सिंह: अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी एक समय निर्धारित कर दें कि कब तक वहां के कैदियों को नए कारा में स्थानान्तरित किया जाएगा ।

श्री बसावन सिंह ॥मंत्री॥: एक वर्ष के अंदर हो जाएगा ।

श्री भोला प्रसाद सिंह: अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जिस तरह से बिहार के विभिन्न काराओं से अव्यवस्था के कारण कैदियों की संख्या के कारण, व्यवस्था नहीं होने के कारण कैदी फरार हो रहे हैं, घटनाएं घट रही हैं। क्या सरकार इसे गंभीरता से लेते हुए जो राज्य के काराओं की स्थिति है उसमें सुधार करने के लिए कोई गंभीरतापूर्वक कदम उठाना चाहती है ? और उसमें भभुआ कारा भी है।

अध्यक्ष: माननीय सदस्य जो वरीय सदस्य हैं, इस तरह का वृीत प्रश्न पूछा जा सकता है क्या ? भभुआ से संबंधित प्रश्न होगा। आप बैठ जायं।